गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएँ!!

राजस्थान सरकार

हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

20 नवम्बर 2021: शनिवार: वर्ष – 02: अंक –29

कहानी केलों की

आज की कहानी

“श्रींगेरी श्रीनिवास के खेतों में बढ़िया मीठे केले उगते थे। पर कोई भी उन्हें खाना नहीं चाहता था। इस मीठी कहानी को सुनकर कर पता लगाइये कि श्रींगेरी ने केलों का क्या किया। कहानी सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें। ”

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर

जूते और मोज़े

आज की कहानी

"ज़ीनत के जूते को उसके बदबूदार मोजे पसंद नहीं हैं।जूते चाहते हैं कि उन्हें फेंक दिया जाये। जब मोजे फटे-पुराने हो जाते हैं तो जूतों को लगता है कि अब इन्हें फेंक दिया जाएगा, पर ज़ीनत उन्हें किसी तरह ठीक-ठाक करके पहन लेती है। आखिर क्या होगा जब जूते खुद पुराने हो जाएँगे? जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी सुनें। ”

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड



जलेबी

आज की किताब

“सपना और दीपक दस-दस रुपए लेकर मेला घूमने निकलते हैं। मेले में ढेर सारी दुकानें लगी हुई हैं। आपको क्या लगता है कि वे दोनों मेले से क्या खरीदेंगे। जानने के लिए कहानी के चित्र पर क्लिक करें और कहानी पढ़ें।”

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड



हेलिकॉप्टर पंखा

आज की गतिविधि

“हेलिकॉप्टर पंखा एक आनंददायक प्रयोग है। जैसे ही खिलौना मोटर घूमता है, पूरा उपकरण गोल-गोल घूमता रहता है। इसे बनाने के लिए एक 30-सेमी का लकड़ी का स्केल, एक खिलौना मोटर, बैटरी, पुराना पेन और एक नुकीली लकड़ी की छड़ी चाहिए। इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।“

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | अरविंद गुप्ता टॉयज़



गुरुनानक देव

टीचर्स कॉर्नर

“यह फिल्म प्रेरणादायी व्यक्तित्व: गुरु नानक देव के बारे में है। समाज को दिशा देने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। गुरू नानक देव अपने व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्मसुधारक, समाजसुधारक, कवि, देशभक्त और विश्वबंधु – सभी के गुण समेटे हुए थे। इस वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें। “

शिक्षकों के लिए | संसद टीवी



#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

अड़ियल गाय

स्टोरी बॉक्स

ऑडियो सुनने के लिए स्टोरी बॉक्स पर क्लिक करें।
(6+ वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा ?
अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।